कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.03.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय के

अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग में दिनांक 20.03.2026 को समृद्ध छत्तीसगढ़- विकसित भारत की ओर विषय पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। एम0 एस0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने बड़े उत्साह से इसमें अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छ0ग0 विकास के दौड़ में अन्य राज्यों से कई मामलों में आगे चल रहा है। यहां ऊर्जा, कृषि, पर्यटन, तकनीक एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास को ध्यान में रखकर शासन कई महत्वपूर्ण योजनाऐं चला रही हैं। जिससे राज्य का विकास तेजी से हो रहा है। छात्राओं ने इसे अपने पोस्टर में बहुत ही सुंदर रूप से प्रस्तुत किया है।

अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 मुक्ता बाखला ने कहा कि समृद्ध छत्तीसगढ़-विकसित भारत की ओर विषय को पोस्टर प्रस्तुतीकरण के रूप में लेने का उद्देश्य छात्राओं को राज्य के विकास के प्रति जागरूक करना एवं विकास की संभावनाओं को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित करना है। डॉ0 दीपक कश्यप ने कहा कि छात्राओं ने अपने पोस्टर में राज्य के प्राकृतिक संसाधन, कृषि एवं ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, मानव विकास, डिजिटल एवं आधारभूत संरचना इन सभी क्षेत्रों में विकास को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया है। डॉ0 कमलेश चेलक ने सभी निर्णायकों को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया तथा छात्राओं को भी उत्साहपूर्वक प्रस्तुती देने के लिए बधाई दिया और कहा कि यदि राज्य के संसाधनों का सही उपयोग किया जाए तो विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 रीमारानी दास, डॉ0 मोनिया राकेश, श्रीमती ज्योति भरणे एवं डॉ0 संध्या सिंह यादव उपस्थित रहे।

टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन